भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

IIT

INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

अमर उजाला

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 09.04.2019

इंजीनियरिंग संस्थानों में आईआईटी बीएचयू 11वें नंबर पर

अमर उजाला ब्यूरो



विश्वविद्याल श्रेणी में टॉप फाइव

1. इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस 82.28
2. जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय 68.68
3. काशी हिंदू विश्वविद्यालय 64.55
4. हैदराबाद विश्वविद्यालय 61.85
5. कलकत्ता विश्वविद्यालय 60.87

शिक्षकों, छात्रों, कर्मचारियों और अधिकारियों के सहयोग से आने वाले दिनों में विश्वविद्यालय को नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास किया जाएगा।

- प्रो. राकेश भटनागर, कुलपति

वाराणसी/ नई दिल्ली। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की एजेंसी नेशनल इंस्टीट्यूट रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) की ओर से सोमवार को जारी उच्च शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग में बीएचयू को तीसरा स्थान मिला है। हालांकि ओवरऑल रैंकिंग में बीएचयू नौवें से दसवें पायदान पर चला गया। इसके अलावा तकनीकी संस्थानों की रैंकिंग में आईआईटी बीएचयू को 11वां स्थान मिला है।

विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता, शोध, प्रवेश, छात्र संख्या, पाठ्यक्रम आदि के आधार पर एमएचआरडी की ओर से एनआईआरएफ रैंकिंग कराई जाती है। एनआईआरएफ रैंकिंग की व्यवस्था वर्ष 2016 से लागू की गई है। सोमवार को जारी एनआईआरएफ-2019 रैंकिंग में बीएचयू को विश्वविद्यालयों की श्रेणी में लगातार तीसरे साल तीसरा नंबर मिला है। ओवरऑल रैंकिंग में 2018 में विश्वविद्यालय नौवें नंबर पर था, जो अब दसवें पर पहुंच गया है।

दूसरी ओर आईआईटी दिल्ली, आईआईटी कानपुर और जेएनयू की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

दिल्ली विश्वविद्यालय की 2018 में ओवरऑल में चौथी रैंक थी, जो अब 20वें स्थान पर पहुंच गई है, जबकि एएमयू को 11वां स्थान मिला है। पहले एएमयू की 10वीं रैंक थी। इलाहाबाद विश्वविद्यालय इस बार टॉप 200 में भी जगह नहीं बना सका है। रैंकिंग में यूपी का एक भी कॉलेज शामिल नहीं है।